प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

30 सितंबर 2025

## भारत की अंतरराष्ट्रीय निवेश स्थिति (आईआईपी), जून 2025

आज, भारतीय रिज़र्व बैंक ने जून 2025 की समाप्ति तक के लिए भारत की अंतर्राष्ट्रीय निवेश स्थिति से संबंधित आंकड़े जारी किए [1]।

### जून 2025 के अंत में भारत की आईआईपी की मुख्य बातें:

- 2025-26 की पहली तिमाही के दौरान भारत पर अनिवासियों के निवल दावों में 16.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर की गिरावट आई और जून 2025 के अंत तक यह 312.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा। यह मुख्य रूप से भारत में विदेशी स्वामित्व वाली आस्तियों (31.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर) की तुलना में भारतीय निवासियों की विदेशी वित्तीय आस्तियों (47.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर) में अधिक वृद्धि के कारण हुआ (तालिका 1)।
- भारत की अंतर्राष्ट्रीय देयताओं की तुलना में अंतर्राष्ट्रीय आस्तियों का अनुपात जून 2025 में 79.2 प्रतिशत हो गया, जो एक तिमाही पहले 77.6 प्रतिशत और दो वर्ष पहले 71.5 प्रतिशत था (चार्ट 1 और तालिका 1)।
- भारत की अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय आस्तियों में आरक्षित निधियों का हिस्सा जून 2025 में मामूली रूप से बढ़कर 58.7 प्रतिशत हो गया। तिमाही के दौरान भारतीय निवासियों की विदेशी वित्तीय आस्तियों में वृद्धि में आरक्षित आस्तियों का योगदान 62 प्रतिशत से अधिक था; अन्य प्रमुख योगदानकर्ता प्रत्यक्ष निवेश (17.6 प्रतिशत) और मुद्रा एवं जमाराशियाँ (6.7 प्रतिशत) थे (तालिका 2)।
- आवक प्रत्यक्ष निवेश (45.5 प्रतिशत), ऋण (30.9 प्रतिशत) और मुद्रा एवं जमाराशियों (13.1 प्रतिशत) का मिलकर 2025-26 की पहली तिमाही के दौरान भारतीय निवासियों की विदेशी देयताओं में वृद्धि का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा रहा।

---

[1] भारत की तिमाही आईआईपी एक तिमाही के अंतराल पर प्रसारित की जाती है और मार्च 2025 की समाप्ति तक के लिए पिछली तिमाही की आईआईपी 27 जून 2025 को आरबीआई वेबसाइट पर जारी की गई थी।

- तिमाही के दौरान कुल बाह्य देयताओं में ऋण देयताओं की हिस्सेदारी 54.8 प्रतिशत से मामूली रूप से घटकर 54.5 प्रतिशत रह गई (तालिका 3)।

**(पुनीत पंचोली)**

**प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/1209**

मुख्य महाप्रबंधक




**Table 1: Overall International Investment Position of India**

(US$ billion)

| Period | Jun-24 (PR) | Sep-24 (PR) | Dec-24 (PR) | Mar-25 (PR) | Jun-25 (P) |
|---|---|---|---|---|---|
| **Net IIP (A-B)** | **-366.8** | **-353.1** | **-364.0** | **-329.2** | **-312.8** |
| **A. Assets** | **1,051.9** | **1,119.2** | **1,079.0** | **1,140.9** | **1,188.7** |
| **1. Direct Investment** | **246.6** | **254.4** | **260.8** | **270.5** | **278.9** |
| 1.1 Equity and investment fund shares | 156.6 | 162.4 | 166.5 | 173.6 | 179.6 |
| 1.2 Debt instruments | 90.0 | 92.0 | 94.3 | 96.9 | 99.3 |
| **2. Portfolio Investment** | **12.4** | **12.4** | **12.0** | **15.4** | **16.3** |
| 2.1 Equity and investment fund shares | 10.7 | 11.1 | 9.2 | 10.4 | 13.1 |
| 2.2 Debt securities | 1.7 | 1.3 | 2.8 | 5.0 | 3.2 |
| **3. Other Investment** | **140.9** | **146.6** | **170.5** | **186.7** | **195.4** |
| 3.1 Trade Credits | 32.8 | 32.9 | 33.2 | 33.4 | 33.8 |
| 3.2 Loans | 20.8 | 22.1 | 22.5 | 25.9 | 24.4 |
| 3.3 Currency and Deposits | 57.8 | 56.1 | 68.6 | 79.3 | 82.5 |
| 3.4 Other Assets | 29.5 | 35.5 | 46.2 | 48.1 | 54.7 |
| **4. Reserve Assets** | **652.0** | **705.8** | **635.7** | **668.3** | **698.1** |
| **B. Liabilities** | **1,418.7** | **1,472.3** | **1,443.0** | **1,470.1** | **1,501.5** |
| **1. Direct Investment** | **552.8** | **555.4** | **547.2** | **556.9** | **571.2** |
| 1.1 Equity and investment fund shares | 520.6 | 522.8 | 513.0 | 521.9 | 535.4 |
| 1.2 Debt instruments | 32.2 | 32.6 | 34.2 | 35.0 | 35.8 |
| **2. Portfolio Investment** | **277.3** | **294.3** | **276.5** | **272.0** | **272.6** |
| 2.1 Equity and investment fund shares | 160.9 | 170.9 | 155.6 | 141.9 | 147.4 |
| 2.2 Debt securities | 116.4 | 123.4 | 120.9 | 130.1 | 125.2 |
| **3. Other Investment** | **588.6** | **622.6** | **619.3** | **641.2** | **657.7** |
| 3.1 Trade Credits | 125.9 | 131.2 | 135.6 | 131.2 | 131.9 |
| 3.2 Loans | 224.5 | 239.3 | 240.2 | 250.1 | 259.8 |
| 3.3 Currency and Deposits | 160.6 | 164.1 | 165.7 | 167.6 | 171.7 |
| 3.4 Other Liabilities | 77.6 | 88.0 | 77.8 | 92.3 | 94.3 |
| *of which:* Special drawing rights (Net incurrence of liabilities) | 21.8 | 22.4 | 21.6 | 22.0 | 22.7 |
| ***Memo Item: Assets to Liability ratio (%)*** | **74.1** | **76.0** | **74.8** | **77.6** | **79.2** |

**Notes (applicable for all tables):**

1. P: Provisional; PR: Partially Revised; and R: Revised.
2. The sum of the constituent items may not add to the total due to rounding off.

## Table 2: Composition of International Financial Assets and Liabilities of India

(per cent)

| Period | Jun-24 (PR) | Sep-24 (PR) | Dec-24 (PR) | Mar-25 (PR) | Jun-25 (P) |
|---|---|---|---|---|---|
| **A. Assets** | | | | | |
| 1. Direct Investment | 23.4 | 22.7 | 24.2 | 23.7 | 23.5 |
| 2. Portfolio Investment | 1.2 | 1.1 | 1.1 | 1.3 | 1.4 |
| 3. Other Investment | 13.4 | 13.1 | 15.8 | 16.4 | 16.4 |
| 4. Reserve Assets | 62.0 | 63.1 | 58.9 | 58.6 | 58.7 |
| **Total** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |
| **B. Liabilities** | | | | | |
| 1. Direct Investment | 39.0 | 37.7 | 37.9 | 37.9 | 38.0 |
| 2. Portfolio Investment | 19.5 | 20.0 | 19.2 | 18.5 | 18.2 |
| 3. Other Investment | 41.5 | 42.3 | 42.9 | 43.6 | 43.8 |
| **Total** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

## Table 3: Share of External Debt and Non-Debt Liabilities of India

(per cent)

| Period | Jun-24 (PR) | Sep-24 (PR) | Dec-24 (PR) | Mar-25 (PR) | Jun-25 (P) |
|---|---|---|---|---|---|
| Non-Debt Liabilities | 48.0 | 47.1 | 46.3 | 45.2 | 45.5 |
| Debt Liabilities | 52.0 | 52.9 | 53.7 | 54.8 | 54.5 |
| **Total** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |